झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)

प्रथम सावधिक परीक्षा (2021-2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र **सेट- 04**

कक्षा- 12	विषय- हिंदी (ऐच्छिक)	समय- 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश-

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

खंड - 'क' (अपठित बोध)

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 01 से 04 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -

सभी धर्म हमें एक ही ईश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं । अलग-अलग रास्तों पर चलकर भी हम एक ही स्थान पर पहुँचते हैं । इसमें किसी को दुखी नहीं होना चाहिए । हमें सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना चाहिए। दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने से धर्म का क्षेत्र व्यापक बनता है । हमारी धर्म के प्रति अंधता मिटती है । इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र बनता है ।यह बात लगभग असंभव है कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा । यही कारण है कि लेखक विविध धर्मों में ऐसे तत्व को खोजने का प्रयास करता है जो विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के मध्य सहनशीलता की भावना को विकसित कर सके ।

01. धर्म किस तक पहुँचने के साधन है ?

A. मोक्ष B. स्वर्ग

C. ईश्वर D. सत्य

02. धर्म के प्रति अंधता कैसे मिटती है ?

A. धर्म के ज्ञान से B. सभी धर्मों के प्रति समान भाव से

C. ईश्वर के प्रति एकनिष्ठता से D. धर्म के मूल्यांकन से

03. धर्म का क्षेत्र कैसे व्यापक बनता है ?

A. अपने धर्म के प्रति कट्टर भाव रखने से B. एक ही धर्म की बात करने से

C. दूसरे धर्मों के प्रति भी समभाव रखने से D. ये सभी

04. लेखक विविध धर्मों के बीच कैसे तत्व की खोज करने का प्रयास करता है ?

A. जो अपने धर्म के प्रति कट्टरता का भाव पैदा करता हो

B. जो दूसरों को दुखी करता हो

C. जो धर्म के प्रति हमारी सोच कुंठित करता है

D. जो सभी में सहनशीलता की भावना विकसित करता हो

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 05 से 08 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -

जब कभी मछेरे को फेंका हुआ
फैला जाल
समेटते हुए देखता हूँ
तो अपना सिमटता हुआ
'स्व ' याद हो आता है -
जो कभी समाज , गाँव और
परिवार की वृहत्तर परिधि में
समाहित था
'सर्व 'की परिभाषा बनकर,
और अब केंद्रित हो
गया हूँ मात्र बिंदु में ।

05. मछेरे द्वारा फेंके हुए जाल को समेटते हुए देखकर कवि को किसकी याद आती है ?

A. समाज की
B. परिवार की
C. स्व की
D. गाँव की

06. पहले 'स्व ' की परिधि में समाहित था -

A. समाज
B. गाँव
C. परिवार
D. ये सभी

07. मनुष्य दिन- पर- दिन होता जा रहा है-

A. आत्मकेंद्रित
B. व्यापक
C. मानवतावादी
D. उदार

08. 'मछेरे ' का पर्यायवाची शब्द है -

A. मक्खी
B. मछुआरा
C. मच्छरदानी
D. इनमें से कोई नहीं

खंड - 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम)

09. निम्न में से कौन संचार प्रक्रिया का एक तत्व नहीं है ?

A. स्रोत या संचारक
B. संदेश
C. संपादन
D. प्राप्तकर्ता या रिसीवर

10. कक्षा में होने वाली चर्चा या विचार-विमर्श किस प्रकार का संचार है ?

A. समूह संचार
B. जनसंचार
C. सांकेतिक संचार
D. मौखिक संचार

11. निम्न में से कौन जनसंचार का एक प्रमुख कार्य नहीं है ?

A. सूचना देना
B. संपादन करना
C. शिक्षित करना
D. मनोरंजन करना

12. भारत में प्रकाशित होने वाले प्रथम अखबार 'बंगाल गजट 'का प्रकाशन वर्ष है -

A. 1770 ई. में
B. 1775 ई. में
C. 1772 ई. में
D. 1780 ई. में

13. भारत में छपने वाले प्रथम हिंदी अखबार का क्या नाम है ?

A. मतवाला
B. उदंत मार्तंड
C. हिंदुस्तान
D. सरस्वती

14 . दूरदर्शन के कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार के लिए इंदिरा गाँधी ने किस वर्ष प्रोफ़ेसर पी सी जोशी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी ?

A. 1980 ई. में
B. 1983 ई. में
C. 1978 ई. में
D. 1979 ई. में

15. निम्न में से कौन- सा कथन प्रिंट मीडिया की विशेषता प्रकट करता है

A. इन्हें सुरक्षित रखकर संदर्भ की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है
B. प्रिंट मीडिया को धीरे-धीरे ,दोबारा या मर्जी के अनुसार पढ़ा जा सकता है
C. किसी पृष्ठ या समाचार को पहले या बाद में पढ़ा जा सकता है
D. ये सभी

16. 'बस्ते का बढ़ता बोझ'किस प्रकार का फ़ीचर है ?

A. साक्षात्कार फ़ीचर
B. यात्रा फ़ीचर
C. व्यक्तिगत फ़ीचर
D. जीवन- शैली फ़ीचर

17. निम्न में से कौन- सा कार्य संपादक का नहीं है ?

A. निष्पक्ष भाव से समाचार छपवाना

B. प्रथम पृष्ठ पर छपने वाली खबरों के बारे में निर्णय लेना

C. क्षेत्र से खबरें इकट्ठा करना

D. निश्चित समय पर समाचार-पत्र छपवाना

18. निम्न में से कौन अच्छे आलेख की प्रमुख विशेषता है ?

A. आलेख में श्रृंखलाबद्धता का होना जरूरी है

B. आलेख की भाषा सरल व रोचक होनी चाहिए

C. विरोधाभासी कथन व दोहराव से बचना चाहिए

D. ये सभी

खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19 से 22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -

1947 के बाद से
इतने लोगों को इतने तरीकों से
आत्मनिर्भर मालामाल और गतिशील होते देखा है
कि अब जब आगे कोई हाथ फैलाता है
पच्चीस पैसे एक चाय या दो रोटी के लिए
तो जान लेता हूँ
मेरे सामने एक ईमानदार आदमी ,औरत या बच्चा खड़ा है

19. किस चीज के लिए लोग दूसरों के सामने हाथ फैलाते हैं ?

A. पच्चीस पैसे B. एक चाय

C. रोटी D. ये सभी

20. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?

A. एक कम B. सत्य

C. वसंत आया D. तोड़ो

21. काव्यांश में कवि ने किन के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की है ?

A. धोखेबाज B. लालची

C. ईमानदार D. मक्कार

22. आजादी के बाद लोग विभिन्न तरीके अपनाकर क्या बन गए?

A. आत्मनिर्भर B. मालामाल

C. गतिशील D. ये सभी

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -

23. 'वसंत आया' कविता के आधार पर बताइए कि आज मनुष्य और प्रकृति के बीच का संबंध कैसा हो गया है?

A. अटूट B. संबंध टूट गया है

C. पहले से और गहरा D. इनमें से कोई नहीं

24. 'तोड़ो' किस प्रकार की कविता है ?

A. उद्‌बोधनपरक B. शोकगीत

C. चंपू काव्य D. बाल मनोविज्ञान से संबंधित

25. जीवन के अंतिम मोड़ पर देवसेना द्‌वारा ठुकराने के पश्चात स्कंदगुप्त कौन-सा व्रत लेता है ?

A. विजया से विवाह करने का B. आजीवन अविवाहित रहने का

C. गृह -त्याग करने का D. इनमें से कोई नहीं

26. कवि ने अपनी पुत्री का तर्पण किस प्रकार किया ?

A. अपने समस्त पुनीत कर्मों को पुत्री को अर्पित कर B. पूजा- पाठ के द्‌वारा

C. पारंपरिक रीति -रिवाज से D. इनमें से कोई नहीं

27. 'गीत गाने दो मुझे' कविता में कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?

A. निराशा में आशा का संचार करना चाहता है

B. मनुष्य की पीड़ा को हर लेना चाहता है

C. संसार की विसंगतियों को दूर करने के लिए संघर्षरत रहने की प्रेरणा देता है

D. ये सभी

निम्नलिखित गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -

धर्म के रहस्य जानने की इच्छा प्रत्येक मनुष्य न करे ,जो कहा जाय वही कान ढलकाकर सुन ले, इस सत्ययुगी मत के समर्थन में घड़ी का दृष्टांत बहुत तालियाँ पिटवाकर दिया जाता है। घड़ी समय बतलाती है । किसी घड़ी देखना जानने वाले से समय पूछ लो और काम चला लो । यदि अधिक करो तो घड़ी देखना स्वयं सीख लो किंतु तुम चाहते हो कि घड़ी का पीछा खोलकर देखें, पुर्जे गिन लें, उन्हें खोलकर फिर जमा दें, साफ़ करके फिर लगा लें- यह तुमसे नहीं होगा । तुम उसके अधिकारी नहीं ।

28. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस लघु निबंध से ली गई हैं?

A. बालक बच गया B. ढेले चुन लो

C. घड़ी के पुर्जे D. कच्चा चिट्ठा

29. 'कान ढलकाकर' का अर्थ है -

A. कान खोलकर B. कौन सटाकर

C. कान दबाकर D. कान लगाकर

30. लेखक ने किस का रहस्य जानने के लिए घड़ी के पुर्जे का उदाहरण दिया है ?

A. ग्रहों की चाल B. धर्म

C. समय D. घड़ी

31. उपर्युक्त गद्ययांश के लेखक हैं -

A. रामचंद्र शुक्ल B. फणीश्वरनाथ रेणु

C. पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी D. भीष्म साहनी

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -

32. रामचंद्र शुक्ल के पिता जी किस भाषा के अच्छे ज्ञाता थे ?

A. फारसी B. अरबी

C. मराठी D. गुजराती

33. प्रधानाध्यापक के एकमात्र पुत्र की आयु थी -

A. दस वर्ष B. आठ वर्ष

C. छह वर्ष D. नौ वर्ष

34. 'न आगे नाथ , न पीछे पगहा' का क्या अर्थ है ?

A. नास्तिक B. किसी पर विश्वास नहीं करने वाला

C. कोई जिम्मेदारी ना होना D. बहुत डर जाना

35. अफ्रो-एशियाई लेखक संघ के सम्मेलन में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल में निम्न में से कौन नहीं थे ?

A. कमलेश्वर B. जोगिंदर पाल

C. अब्दुल बिस्मिल्लाह D. रामचंद्र शुक्ल

36. 'आज का कबूतर अच्छा है कल के मोर से' का क्या अर्थ है ?

A. कबूतर मोर से कीमती है B. कबूतर मोर से श्रेष्ठ है

C. वर्तमान भविष्य से ज्यादा महत्वपूर्ण है D. इनमें से कोई नहीं

37. सुभागी किसकी पत्नी थी ?

A. जगधर B. सूरदास

C. भैरों D. मातादीन

38. 'तुम खेल में रोते हो ' - यह किसका कथन है ?

A. घीसू
B. मिठुआ
C. जगधर
D. नायकराम

39. सूरदास किस अंग से दिव्यांग था ?

A. एक पैर से लाचार था
B. वह कम सुनता था
C. उसे बोलने में समस्या थी
D. वह दृष्टिहीन था

40. सूरदास से संबंधित कौन -सा कथन सही है ?

A. सूरदास ने प्रतिशोध लेने का प्रण लिया
B. सूरदास में अदम्य जिजीविषा और संघर्ष का भाव था
C. सूरदास एक बेबस एवम् लाचार व्यक्ति था
D. इनमें से कोई नहीं